बिहार सरकार
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग।

1233
26/10/22

आदेश

राज्य सरकार के 07 निश्चयों में एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन Kushal Yuva Programme कार्यकम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों के पंजीकरण की प्रकिया जुलाई–2016 में प्रारम्भ की गई, जिसके आधार पर प्रशिक्षण प्रदाता एजेन्सी M/S Sita Infra and Service Pvt. Ltd के द्वारा सीतामढ़ी जिला में KYP09050035, मधेपुरा जिले में KYP03010034, संचालित किये जाने हेतु केन्द्र का पंजीकरण किया गया। पंजीकरण के आधार पर इस केन्द्र को बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा अनुमोदित किया गया तथा उपरोक्त KYP Code आवंटित किया गया।

कालान्तर में श्रीमती वंदना कुमारी साह, पति–दिनेश कुमार साह, ग्राम–जढ़ुआ, जिला–वैशाली के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन को एक आवेदन समर्पित किया गया, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया कि श्री प्रकाश कुमार, अध्यक्ष एवं सचिव, M/S Sita Infra and Service Pvt. Ltd द्वारा KYP केन्द्र के सफलतापूर्वक संचालन हेतु उनके साथ 30:70% प्रति माह के हिसाब से द्वितीय पक्ष को देना होगा, के आधार पर समझौता किया गया है। हस्ताक्षरित एकरारनामा की प्रति आवेदन के साथ संलग्न की गयी है।

श्रीमती वंदना कुमारी साह से प्राप्त आवेदन के आलोक में बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा श्री प्रकाश कुमार, निदेशक, M/S Sita Infra and Service Pvt. Ltd. से स्पष्टीकरण की माँग की गई। स्पष्टीकरण का जवाब स्पष्ट नहीं होने के कारण मामले की संयुक्त जाँच संबंधित जिले के श्रम अधिक्षक एवं जिला कौशल प्रबंधक से कराया गया। तत्संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार स्थिति निम्नवत् है:–

1- KYP09050035 सीतामढ़ी – जॉच के दौरान यह स्पष्ट रूप से विदित हुआ कि केन्द्र संचालक श्री प्रकाश कुमार को बार बार बुलाए जाने के वाबजूद वे उपस्थित नहीं हुए। साथ ही फ्रेंचाइजी संबंधी एग्रीमेंट पाया गया। उक्त एग्रीमेंट में 70:30% की हिस्सेदारी तय की गयी है। इस एग्रीमेंट में श्री प्रकाश कुमार का हस्ताक्षर भी है। इस तरह परिवादी का परिवाद सत्य प्रतीत होता है।

2. KYP03010034 मधेपुरा – जॉच प्रतिवेदन में अंकित किया गया कि केन्द्र काफी समय से बन्द है एवं केन्द्र के कमरे का उपयोग मकान मालिक के द्वारा किया जा रहा था। प्रतिवेदन में यह उल्लेख किया गया है कि परिवादी के द्वारा फ्रेंचाइजी से संबंधित एकरारनामा की मूल प्रति प्रस्तुत किया गया। साथ ही संचालन कर्ता श्री प्रकाश के द्वारा अपने पक्ष को प्रमाणित करने हेतु कोई साक्ष्य उपल्बध नहीं कराया गया।

श्रीमती वंदना कुमारी साह, द्वारा समर्पित आवेदन, निदेशक, M/S Sita Infra and Service Pvt. Ltd से प्राप्त स्पष्टीकरण तथा विभागीय जॉच प्रतिवेदन से यह परिलक्षित होता है कि KYP Code-KYP09050035 सीतामढ़ी एवं KYP Code-KYP03010034 मधेपुरा का संचालन M/S Sita Infra and Service Pvt. Ltd के द्वारा सीधे तौर पर नहीं किया जा रहा है। अपितु इसका संचालन श्रीमती वंदना कुमारी साह के द्वारा Franchisee Mode में किया जा रहा है। Franchisee Mode में केन्द्र के संचालन से अनावश्यक रूप से केन्द्र को प्राप्त होने वाले राजस्व का बँटवारा होता है, जिससे केन्द्र में प्रशिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित होती है। M/S Sita Infra and Service Pvt. Ltd के द्वारा विचौलिया की भूमिका निभाई जा रही है, जो कार्यक्रम की गुणवत्ता के लिये हानिकारक है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में KYP Code-KYP09050035 सीतामढ़ी एवं KYP Code-KYP03010034 मधेपुरा का स्वामित्व उसके वास्तविक संचालनकर्त्ता श्रीमती वंदना कुमारी साह के नाम पर परिवर्तित किया जाता

है। श्रीमती वंदना कुमारी साह को आदेश दिया जाता है कि वे आदेश प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्द पोर्टल पर परिवर्तित किये जाने वाले सूचना यथा– संस्था का निबंधन कागजात, Centre Name, Owner's Name, P Detail of Owner, Bank Account of Owner, Email Id & Mobile No. of Owener की विवरणी बिहार कौशल विकास मिशन में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि बिहार कौशल विकास मिशन के पोर्टल पर तदनुकूल संशोधन/परिवर्तन किया जा सके।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन

ज्ञापांक–BSDM/SDM-29/2022 (खण्ड–1)– 1233 पटना, दिनांक– 26/10/22

प्रतिलिपि– M/S Sita Infra and Service Pvt. Ltd को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. श्रीमती वंदना कुमारी साह, पति–दिनेश कुमार साह, ग्राम–जढ़ुआ, जिला–वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. जिला नियोजन पदाधिकारी, सीतामढ़ी/मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. Project Director, MKCL/Project Director, E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. मिशन प्रबंधक (वित एवं लेखा)/मिशन प्रबंधक (कार्यकम कियान्वयन)/मिशन प्रबंधक (समन्वय)/SPMU Inchrge, सीतामढ़ी/मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
7. जिला कौशल प्रबंधक, सीतामढ़ी/मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन